राजस्थान सरकार
कार्यालय भू–प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान जयपुर
बिमान भवन, गोपालबाड़ी, जयपुर, 302001, दूरभाष नं. 0141–2373904 ई–मेल scr-rj@nic.in

क्रमांक/फा/जांच/3/3/2/भूप्रआ/2024/6556–68 दिनांकः– 27/08/2024

–:कार्यालय आदेश:–

श्री जयप्रकाश पांचाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय भू–प्रबन्ध अधिकारी भीलवाड़ा (हाल पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षाधीन, मुख्यावास कार्यालय भू–प्रबन्ध अधिकारी भरतपुर) के विरुद्ध पद का दुरूपयोग व अनैतिक आचरण की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसके लिए श्री जयप्रकाश पांचाल के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवाऐं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना विचाराधीन है।

अतः राजस्थान सिविल सेवाऐं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये श्री जयप्रकाश पांचाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय भू–प्रबन्ध अधिकारी भीलवाड़ा (हाल पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षाधीन, मुख्यावास कार्यालय भू–प्रबन्ध अधिकारी भरतपुर) को तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन काल में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

निलम्बन काल में श्री जयप्रकाश पांचाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी का मुख्यावास भू–प्रबन्ध अधिकारी जोधपुर रहेगा तथा बिना पूर्वानुमति के ये मुख्यावास नहीं छोड़ेंगे।

(नरेन्द्र गुप्ता)
भू–प्रबन्ध आयुक्त,
राजस्थान, जयपुर।

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सहायक, भू–प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान जयपुर/अति. भू–प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान जयपुर।
3. भू–प्रबन्ध अधिकारी जोधपुर/भरतपुर/भीलवाड़ा।
4. गोपनीय शाखा/संस्थापन शाखा/लेखा शाखा, मु.का.।
5. प्रोग्रामर आई.टी. शाखा, मु.का. को आदेश की प्रति प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश की प्रति विभाग की वेबसाईट पर अविलम्ब अपलोड कराने की कार्यवाही करावें।
6. श्री जयप्रकाश पांचाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी : द्वारा भू–प्रबन्ध अधिकारी भरतपुर को भेजकर लेख है कि आप तत्काल अपनी उपस्थिति भू–प्रबन्ध अधिकारी जोधपुर के यहां प्रस्तुत करें।
7. रक्षित पत्रावली

भू–प्रबन्ध आयुक्त,
राजस्थान, जयपुर।

Document certified by NARENDRA GUPTA <jsrevenue5@gmail.com>.
Digitally Signed by Narendra Gupta
Designation : Settlement Commissioner
Date :23-08-2024 06:45:30